# पार्षदों द्वारा आज किए गए धरना के संबंध में

कोसाबाड़ी जोन के जोन कमिश्नर श्री आर.के.चौबे ने इस संबंध में बताया कि शास्त्री चौक से रिसदी चौक तक सड़क में पैच रिपेयर एवं पूरे रोड में सीलकोट करने का कार्य ठेकेदार द्वारा प्रारंभ किया गया था किन्तु उसी दिन से वर्षा शुरू हो जाने के कारण कार्य को आगे नहीं कराया गया तथा इस कार्य में ठेकेदार को अभी कोई भुगतान भी नहीं किया गया। उन्होने बताया कि उक्त सड़क पर कुछ गड्ढों के भरने का कार्य किया गया है, किन्तु बरसात के कारण कार्य को रोकना पड़ा एवं कुछ गड्ढें अभी नहीं भर पाये तथा पानी गिरने से खराब सामग्री को हटा लिया गया है, वर्षा पश्चात इस कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।